**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1235**
**उत्तर देने की तारीख 06दिसंबर, 2021**
**सोमवार, 15 अग्रहायण,1943 (शक)**

**शिक्षुता मेला**

**1235 श्री बिद्युत बरन महतो: श्री श्रीरंग आप्पा बारणे: श्री रविन्दर कुशवाहा: श्री सुब्रत पाठक: श्री रवि किशन: श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक: श्री प्रतापराव जाधव: श्री परबतभाई सवाभाई पटेल: श्री सुधीर गुप्ता: श्री नारणभाई काछड़िया:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश में 660 स्थानों पर प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से सरकार की स्किल इंडिया पहल के तहत एक शिक्षुता मेला आयोजित किया है और यदि हां, तो गुजरात सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्योरा क्या है;

(ख) उक्त मेले में भाग लेने वाली कंपनियों और अन्य सेक्टरों का ब्योरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार वर्ष में एक बार इसे नियमित रूप से आयोजित करने या नियमित रूप से ऐसे मेलों का आयोजन करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत कुशल कामगारों को टैबलेट वितरित करने का है;

(ङ) क्या सरकार ने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम तैयार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) क्या कौशल के मामले में पुरुष और महिला कार्यबल के बीच बहुत बड़ा अंतर है और यदि हां, तो इस अंतर को पाटने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**
**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) जी हां, कुशल भारत का उद्देश्य हमारे युवाओं को प्रासंगिक कौशल प्रदान करना और उनकी नियोजनियता/सूक्ष्म उद्यमशीलता को सक्षम बनाना है।इस संबंध में, डीजीटी और एनएसडीसी ने 4 अक्टूबर 2021 को देश भर में 660 से अधिक स्थानों पर एक दिवसीय 'शिक्षुता मेला' का आयोजन किया। इस पहल के तहत, लगभग 60466 शिक्षुओं को पंजीकृत किया गया था और इस कार्यक्रम में, बिजली, खुदरा, दूरसंचार, आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर वाहन आदि जैसे 30 से अधिक क्षेत्रों में

काम कर रहे 5000 से अधिक संगठनों की भागीदारी रही। यह आयोजन भाग लेने वाले प्रतिष्ठानों के लिए भी एक बड़े अवसर के रूप में भी था, जिन्हें एक आम मंच पर संभावित शिक्षुओं से मिलने का मौका मिला और वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उम्मीदवारों का चयन कर सकते थे।

शिक्षुता मेले के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों का राज्य-वार/क्षेत्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता निदेशालय (आरडीएसडीई)-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| **राज्य/आरडीएसडीई का नाम** | **शिक्षुता मेले में पंजीकृत उम्मीदवार** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 4500 |
| असम<br>मणिपुर<br>अरुणाचल प्रदेश<br>मेघालय<br>मिज़ोरम<br>नगालैंड<br>त्रिपुरा | 2142 |
| बिहार | 559 |
| छत्तीसगढ़ | 197 |
| गुजरात<br>दादरा और नगर हवेली<br>दमन और दीव | 1414 |
| हरियाणा<br>चंडीगढ़ | 1594 |
| हिमाचल प्रदेश | 106 |
| जम्मू और कश्मीर | 191 |
| झारखंड | 1008 |
| कर्नाटक | 6636 |
| केरल<br>लक्षदीव | 1380 |
| मध्य प्रदेश | 4586 |
| महाराष्ट्र<br>गोवा | 4341 |
| उड़ीसा | 1599 |
| पंजाब | 3500 |
| राजस्थान | 1838 |
| तमिलनाडु<br>पुदुचेरी<br>अंडमान और नीकोबर द्वीपसमूह | 4037 |
| तेलंगाना | 5063 |

| | |
|---|---|
| उत्तराखंड | 500 |
| उत्तर प्रदेश | 10584 |
| पश्चिम बंगाल | 1654 |
| सिक्किम | |
| दिल्ली | 3037 |
| योग | 60,466 |

(स्रोत: डीजीटी)

(ख) उक्त मेले में भाग लेने वाली कंपनियों और अन्य क्षेत्रों का विवरण **अनुबंध-I**पर है।

(ग) सरकार हितधारकों के लाभ के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार ऐसे मेलों का आयोजन करती है।

(घ) वर्तमान में, सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ङ) और (च) प्रशिक्षण में एक संतुलित महिला-पुरुष आधारित प्रतिनिधित्व होना सरकार का प्रयास है। सरकार महिला उम्मीदवारों को बड़ी संख्या में प्रशिक्षण/कार्यबल में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्यार्थ स्थानीय मीडिया में निरंतर आउटरीच कार्यक्रमों और विज्ञापनों को सुनिश्चित करके महिला-पुरुष के अंतर को कम करने का प्रयास कर रही है।

वर्ष 2021-22 (30.11.2021 तक) के दौरान महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार है:

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) स्कीम के तहत प्रशिक्षित कुल 3,57,268 उम्मीदवारों में से 44.19% महिला उम्मीदवार हैं।
- जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) द्वारा प्रशिक्षित कुल 1,46,910 उम्मीदवारों में से 88.90% महिला उम्मीदवार हैं।
- शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण स्कीम (सीआईटीएस) और शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) में 19 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) (महिला) में 3,097 महिला उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

अनुबंध-I

## शिक्षुता मेले में भाग लेने वाली कुछ कंपनियों की सूची

| क्र.सं. | मेले में भाग लेने वाली कंपनियाँ |
|---|---|
| 1 | विद्युत विभाग |
| 2 | पोतपरिवहन सेवा निदेशालय |
| 3 | इस्पात संयंत्र |
| 4 | साई ग्लोबल यार्नटेक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | मैसर्स गैलेक्सी ग्रेनाइट्स, ओंगोल |
| 6 | मैसर्स श्री हरि चरण ग्रेनाइट निर्यात, गुंडलपल्ली मड्डीपाडु |
| 7 | चंद्रशेखर इलेक्ट्रॉनिक्स |
| 8 | एपीएसआरटीसी, नेल्लोर |
| 9 | श्री बालाजी ई मोटर्स, मरकापुर |
| 10 | इंडो नेशनल प्राइवेट लिमिटेड, टाडा |
| 11 | अंतर्राष्ट्रीय प्राइवेट लिमिटेड, टाडा |
| 12 | वर्मीरेन इंडिया रिहैब प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | वर्मीरेन इंडिया रिहैब प्रा लिमिटेड, |
| 14 | वर्मीरेन इंडिया रिहैब प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | सीजेएन हाईटेक मोटर्स |
| 16 | आंतरिक उद्योग अनंतपुर |
| 17 | मेरु ऑटोमोबाइल अनंतपुर |
| 18 | सीएस धातु उद्योग अनंतपुर |
| 19 | एसएस इंटरप्राइजेज अनंतपुरी |
| 20 | मैसर्स ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | बर्जर पेंट्स हिंदुपुर |
| 22 | विप्रो इंटरप्राइजेज हिंदुपुर |
| 23 | विप्रो इंफ्रास्ट्रक्चर हिंदुपुर |
| 24 | एसवीडी मोटर्स |
| 25 | एवरेस्ट उद्योग |
| 26 | गुणवत्ता उद्योग |
| 27 | गुणवत्ता उद्योग कडपा |
| 28 | लक्ष्मी मेघना ऑटोमोबाइल्स |
| 29 | शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | एपीएसआरटीसी कडपा |
| 32 | वेंकट नारायण सक्रिय सामग्री |
| 33 | कुमार इलेक्ट्रिकल्स |
| 34 | एसके ब्रदर्स ऑटोमोबाइल्स, मदनपल्ली |
| 35 | फॉक्सलिंक इंडिया इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | सनी ओपोटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | साई ग्लोबल यर्नटेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 38 | मैसर्स गैलेक्सी ग्रेनाइट्स, ओंगोल |
| 39 | कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड कापुगुन्नरी कालाहस्थी चित्तूर जिला आंध्र प्रदेश |

*******